पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
****

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से समग्र शिक्षा अभियान keके अंतर्गत अभ्यासरत गुजरात के 38 दिव्यांग बच्चों ने मुलाकात की

नई दिल्ली, दिसंबर 6, 2019

समग्र शिक्षा अभियान keके अंतर्गत गुजरात के आईईडी विभाग के गांधीनगर जिले के कलोल तहसील की सरकारी प्राथमिकशाला में अभ्यास कर रहे 38 दिव्यांग बच्चों ने केन्द्रीय गृहमंत्री, श्री अमित शाह से आज नई दिल्ली में मुलाकात की। इनके साथ विशेष शिक्षक और माता-पिता भी उपस्थित थे। इस मुलाक़ात के पश्चात बच्चों ने संसद भवन का भ्रमण किया।

इन बच्चों को गुजरात से पहली बार हवाई जहाज़ से दिल्ली प्रवास करवाया गया। इस प्रवास में गुजरात टूरिज़म का भी सहयोग प्राप्त हुआ है।

इन दिव्यांग बच्चों द्वारा राखी के त्योहार पर बनायी गई राखियां और दीपावली के समय रंग-बिरंगी कलाकृतियों से सुसज्जित दियों को विक्रयकर एकत्र की गई राशि में से जो राशि शेष थी उससे इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

*****

एस एन सी / वी एम /डॉ डीडी